BSES
BSES Rajdhani Power Limited

...a joint venture with GONCTD

मार्च– अप्रैल, 2010

होली, ईस्टर और बैसाखी के मौके पर उपभोक्ताओं को बधाई !

मुख्यमंत्री ने किया द्वारका ग्रिड का उद्घाटन

22 जनवरी को दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने द्वारका में बीआरपीएल के नवीनतम ग्रिड स्टेशन का उद्घाटन किया। इस मौके पर मौजूद लोगों में प्रमुख थे – इलाके के सांसद श्री महाबल मिश्रा, विधायक श्री सोमेश शौकीन, और दिल्ली सरकार में प्रिंसिपल सेक्रेटरी पावर श्री राजेंद्र कुमार।

यह द्वारका का चौथा और बीआरपीएल इलाके का 71वां ग्रिड है। इस 66/11केवी– 40 एमवीए ग्रिड सब स्टेशन पर कुल 14 करोड़ रूपये की लागत आई है। 20, 000 उपभोक्ताओं की बिजली जरूरतों को यह ग्रिड पूरा करेगा।

परीक्षार्थियों को बीआरपीएल विश करती है

ऑल द बेस्ट!

सौर ऊर्जा से रौशन होगा आपका घर

बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड ने एक्मे जैसलमेर सोलर पावर प्राइवेट लिमिटेड के साथ 25 सालों के लिए, सूरज की रोशनी से बनने वाली बिजली की खरीद का समझौता किया है। 12 जनवरी, 2010 को हुए इस समझौते के तहत, बीआरपीएल और बीवाईपीएल को वहां से 25–25 मेगावॉट बिजली मिलेगी।

बीएसईएस कंपनियां देश की पहली ऐसी बिजली कंपनियां बन गई हैं, जिन्होंने केंद्र सरकार के जवाहरलाल नेहरू सोलर मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह द्वारा लॉन्च किए गए इस मिशन के तहत 2020 तक 20, 000 मेगावॉट सौर ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य है।

एक्मे ग्रुप राजस्थान के जैसलमेर, बीकानेर और जोधपुर में तीन सौर ऊर्जा प्लांट लगा रही है। इनमें से हरेक की क्षमता 50 मेगावॉट की होगी। 750 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले जैसलमेर सोलर थर्मल पावर प्लांट में उत्पादित कुल 50 मेगावॉट बिजली बीआरपीएल और बीवाईपीएल खरीद लेंगी। यह प्लांट जून 2011 में उत्पादन शुरू कर देगा, ऐसी उम्मीद की जा रही है।

ग्रीन लोक अदालतः निपटाए 1727 मामले, बचाए 27, 000 ए4 कागज

बिजली चोरी के मामलों को तेजी से और मौके पर ही निपटाने के लिए बीआरपीएल ने दिल्ली हाई कोर्ट कानूनी सेवा समिति के सहयोग से अपने दक्षिण और पश्चिम दिल्ली के उपभोक्ताओं के लिए एक दो दिवसीय ग्रीन लोक अदालत का आयोजन किया। 13 और 14 फरवरी को आयोजित इस लोक अदालत में कुल 1727 मामले निपटाए गए, जो कि कुल प्राप्त हुए मामलों का 96 प्रतिशत था। यह किसी भी एक लोक अदालत में निपटाए गए मामलों में सबसे ज्यादा है। इस लोक अदालत की एक खास बात यह थी कि यह पूरी तरह से कागजविहीन लोक अदालत थी और इसमें करीब 27, 000 ए4 साइज कागजों की बचत हुई। दूसरे शब्दों में कहें, तो 4 बड़े– बड़े पेड़ कटने से बचे।

इधर, बीआरपीएल ने हाल ही में तिमारपुर – ओखला वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड से बिजली की खरीद के लिए 25 सालों का एक समझौता किया है। यह कंपनी ओखला में एक ऐसा पावर प्लांट लगा रही है, जहां शहर में जमा होने वाले कचरे से बिजली का उत्पादन होगा।

इस निर्माणाधीन पावर प्लांट में उत्पादित होने वाली कुल 16 मेगावॉट एक्सपोर्टेबल बिजली का 50 प्रतिशत हिस्सा बीआरपीएल खरीदेगी।

यहां 643, 500 लाख मीट्रिक टन, या दिल्ली में जमा होने वाले कुल ठोस कचरे के एक तिहाई भाग से बिजली बनाई जाएगी। इसके लिए रोजाना 1300 टन ठोस कचरा ओखला लैंडफिल साइट से लाया जाएगा, जबकि 650 टन तिमारपुर से। 2011 के आखिर में इस प्लांट में बिजली उत्पादन शुरू हो जाने की उम्मीद है। इससे वातावरण में 266, 066 मीट्रिक टन सीओ2 के बराबर की कमी आएगी।

हम सुन रहे हैं ... डायल करें बीआरपीएल – 39999707

मरम्मत व आधुनिकीकरण के काम के लिए आपके इलाके में कब बिजली बंद रहेगी, यह जानने के लिए लॉगऑन करें– www.bsesdelhi.com या फिर अपने डिविजन के कस्टमर केयर ऑफिसर को कॉल करें।